लापरवाही | नशे में चूर विभाग की टीम पर ग्रामीणों का संगीन आरोप

एक सप्ताह से अंधेरे में डूबा मलमाथर मौहार टोला गांव

नवभारत, गोहपारू । के ग्राम मलमाथर मौहार टोला के (यादव मोहल्ला) में बिजली संकट को लेकर जो खुलासे हो रहे हैं, वे रोंगटे खड़े करने वाले हैं। एक सप्ताह से अंधेरे में डूबे ग्रामीणों ने अब विभाग की कार्यशैली पर ही नहीं, बल्कि कर्मचारियों के चरित्र और नैतिकता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का सीधा और खुला आरोप है कि इंजीनियर श्रीनिवास पटेल और उनकी टीम न केवल जनता का फोन नहीं उठाती, बल्कि वे अक्सर नशे की हालत में रहते हैं, जिसके कारण उन्हें जनता की तकलीफें सुनाई नहीं दे रही हैं।

नशे में डूबा तंत्र, ग्रामीणों ने बयां की अपनी व्यथा

मलमाथर के ग्रामीणों का आक्रोश अब सातवें आसमान पर है। स्थानीय निवासियों ने दबी जुबान से नहीं, बल्कि मुखर होकर आरोप लगाया है कि जब भी बिजली संबंधी समस्याओं के लिए विभाग के कर्मचारियों या टीम से संपर्क करने की कोशिश की जाती है, तो उनकी भाषा और व्यवहार मर्यादित नहीं होता। ग्रामीणों का कहना है कि – साहब और उनकी टीम नशे के चलते होश में ही नहीं रहती, तो वे हमारी बिजली क्या ठीक करेंगे? बार-बार फोन लगाने पर भी फोन न उठाना और क्षेत्र से गायब रहना, उनकी इसी हालत की ओर इशारा करता है।

45 डिग्री का टॉर्चर : मासूम बच्चों और बुजुर्गों की चीखें बेअसर

एक तरफ विभाग की कथित श्मस्तीश चल रही है, तो दूसरी तरफ यादव मोहल्ले में मौत जैसा सन्नाटा और तपिश है। पारा 45 डिग्री पार कर चुका है। बिजली न होने से घरों में लगे पंखे और कूलर लोहे के कबाड़ बन चुके हैं। बूंद-बूंद पानी को तरसी जनता: बिजली के बिना मोटरें बंद हैं, जिससे पीने के पानी का भीषण अकाल पड़ गया है। महिलाएं इस चिलचिलाती धूप में मीलों दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं।

बीमारियों का खतरा

गर्मी और गंदा पानी पीने के कारण मोहल्ले में बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन श्नशे और लापरवाही में डूबे बिजली विभाग को इससे कोई सरोकार नहीं है।इंजीनियर श्रीनिवास पटेल की चुप्पी: आखिर राज क्या है। ग्रामीणों का सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इंजीनियर श्रीनिवास पटेल किसी भी ग्रामीण का फोन क्यों नहीं उठाते क्या फोन न उठाना अपनी गलतियों को छिपाने का एक तरीका है? ग्रामीण फारुख और अन्य युवाओं ने बताया कि उन्होंने व्हाट्सएप पर कलेक्टर और कमिश्नर को जो शिकायत भेजी है, उसमें स्पष्ट रूप से विभाग की इस कार्यशैली और नशे के आरोपों का जिक्र किया गया है।

अब दफ्तर में होगा हल्ला बोल

अब ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर शहडोल कमिश्नर शहडोल एसडीएम तहसीलदार को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी गई है अब यह भी देखना होगा कि जिले संभाग के अधिकारी इस मामले में क्या निराकरण करवा पाते हैं लाइट सुधर सकते हैं या अंधेरे में डूबा रहेगा यादव मोहल्लाग्रामीणों ने साफ कह दिया है कि अगर अगले कुछ घंटों में बिजली चालू नहीं हुई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। पूरा मोहल्ला गोहपारू बिजली दफ्तर का घेराव करेगा और जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना खत्म नहीं होगा।जब इस संबंध में इंजीनियर श्रीनिवास पटेल गोहपारू को दो बार फोन लगाया गया लेकिन फोन नहीं उठाया गया ।हमारे यहां एक सप्ताह से लाइट नहीं है पानी की काफी समस्या है भीषण गर्मी है कई बार इंजीनियर को फोन लगाया गया लेकिन उनके द्वारा नहीं उठाया जा रहा है कार्यवाही हो।

कलेक्टर और कमिश्नर से मेडिकल जांच की मांग

आक्रोशित ग्रामीणों ने अब शहडोल कलेक्टर और कमिश्नर से मांग की है कि तत्काल मौके पर जांच टीम भेजी जाए और बिजली बहाल की जाए।ड्यूटी के दौरान लापरवाह और नशे में रहने वाले कर्मचारियों का मेडिकल टेस्ट कराया जाए। जनता का फोन न उठाने वाले इंजीनियर श्रीनिवास पटेल पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष और साथी की मौत पर हत्या का संदेह

▸ पशु तस्करों पर जताया हत्या का संदेह

नवभारत,शहडोल। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम टिहकी में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष करकी राहुल द्विवेदी और उनके सहयोगी अतुल तिवारी की संदिग्ध मौत को लेकर नया मोड़ आ गया है। परिजनों और ग्रामीणों ने दोनों की मौत को सड़क दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए इसे सुनियोजित हत्या बताया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक शहडोल को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और थाना प्रभारी ब्यौहारी को तत्काल हटाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मृतक राहुल द्विवेदी और अतुल तिवारी गौ-तस्करी और अवैध पशु परिवहन के खिलाफ सक्रिय थे। परिजनों का कहना है कि दोनों ने पूर्व में कई बार पशु तस्करी से जुड़े वाहनों को पकड़वाने और गौवंश को मुक्त कराने में भूमिका निभाई थी, जिससे उनकी कुछ लोगों से दुश्मनी हो गई थी।

परिजनों ने एक कथित पशु तस्कर और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि दोनों युवकों की हत्या कर मामले को सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई। ज्ञापन में दावा किया गया कि घटना 9 मई की रात 10.30 बजे से 10 मई की सुबह 7 बजे के बीच हुई और इस दौरान दोनों मृतकों की गतिविधियों, मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल की वैज्ञानिक जांच कराई जानी चाहिए।

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

आवेदन में थाना प्रभारी ब्यौहारी की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले को जल्दबाजी में दुर्घटना बताकर समाप्त करना चाहती है। इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से प्रकरण से अलग करने और उनके कथित संबंधों की भी जांच कराने की मांग की गई है।ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि चार दिनों के भीतर उच्च स्तरीय जांच शुरू नहीं की गई और दोषियों के खिलाफकार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में कहा गया कि इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन रही है और अवैध कारोबारियों का मनोबल बढ़ रहा है। मामले ने राजनीतिक और सामाजिक तूल पकड़ लिया है। अब सभी की निगाहें पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं कि मौत को दुर्घटना माना जाएगा या हत्या के एंगल से जांच आगे बढ़ेगी।

बेटी के बाद अब बेटे ने भी बढ़ाया मान

▸ आयुष ममतानी ने 12वीं कॉमर्स में 90% अंक प्राप्त कर धनपुरी को किया गौरवान्वित

नवभारत, धनपुरी। प्रतिभा, परिश्रम और संस्कार जब एक साथ संगठित होते हैं, तब सफलता की नई इबारत लिखी जाती है। धनपुरी नगर के वार्ड क्रमांक 21 के प्रतिष्ठित व्यवसायी गिरीश ममतानी एवं श्रीमती कंचन ममतानी के सुपुत्र आयुष ममतानी ने केंद्रीय विद्यालय एसईसीएल धनपुरी से कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय में 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे वार्ड और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। आयुष की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण व्याप्त है। आयुष ममतानी की सफलता केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके

अनुशासित अध्ययन, सतत परिश्रम और माता-पिता के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का प्रतिफल है। परिवार की शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयुष अब चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) की तैयारी में जुट गए हैं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ अग्रसर हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वर्ष 2021 में उनकी बड़ी बहन सुश्री चाहत ममतानी ने पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल से बीएससी अंतिम वर्ष में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर परिवार और नगर का मान बढ़ाया था। उनकी इस असाधारण उपलब्धि पर उन्हें मध्यप्रदेश के राज्यपाल द्वारा सम्मानित भी किया गया था। वर्तमान में सुश्री चाहत ममतानी पीएसी की तैयारी में संलग्न हैं और निरंतर सफलता की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हैं। ममतानी परिवार की इन उपलब्धियों के पीछे पिता श्री गिरीश ममतानी की प्रेरणादायी सोच तथा माता श्रीमती कंचन ममतानी का समर्पित सहयोग विशेष रूप से सराहनीय माना जा रहा है। परिवार ने सदैव शिक्षा, संस्कार और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसका परिणाम आज समाज के सामने प्रेरणा बनकर उपस्थित है। वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद श्रीमती दिव्या रेखा विनय सिन्हा ने आयुष ममतानी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं। नगर के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने भी ममतानी परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए बच्चों की सफलता को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया है।

ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढ़ार के मेधावी विद्यार्थियों ने रचा सफलता का स्वर्णिम इतिहास

▸ सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, विद्यालय में हर्ष और गौरव का वातावरण

नवभारत,बुढ़ार। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल, बुढ़ार के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने अनुशासित अध्ययन, कठिन परिश्रम एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन के बल पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करते हुए सफलता की नई इबारत लिखी है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह, प्रसन्नता और गौरव का वातावरण निर्मित हो गया।

विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा भूमि पारवानी ने 95.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित कर दिया। वहीं श्रुति पटेल ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी क्रम में शिवांश शुक्ला ने 92.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यालय के मेधावी छात्र आशीष कुमार मिश्रा ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि दिशा घुरियानी एवं ऋषभ तिवारी ने 87.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इसके अतिरिक्त प्रभाकर मिश्रा ने 87.2 प्रतिशत, अफरीन बी ने 87 प्रतिशत, शिवा यादव ने 85.8 प्रतिशत तथा शिवानी सोनी ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता की उल्लेखनीय मिसाल प्रस्तुत की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे उनके सतत परिश्रम, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके अनुशासन, संस्कार, समर्पण और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारित, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी विद्यार्थियों ने निरंतर अध्ययन जारी रखा और अपनी लगन से यह साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी प्रतिस्पर्धाओं के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

अभिभावकों ने भी बच्चों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की तथा अपने शिक्षकों का आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल, बुढ़ार ने एक बार पुन: यह सिद्ध कर दिया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हुए आशा जताई है कि ये विद्यार्थी आगे चलकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

4 क्विंटल गांजा सहित 75 लाख की खेप जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

▸ नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार

नवभारत, शहडोल। जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ शहडोल पुलिस ने बड़ी और प्रभावी कार्रवाई करते हुए करीब 4 क्विंटल गांजा, तीन लग्जरी वाहन एवं सात मोबाइल फोन जब्त किए हैं। कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 75 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान डीएसपी ऋषभ छारी को मुखबिर से सूचना मिली कि रात के समय कुछ वाहनों से गांजे की बड़ी खेप का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही डीएसपी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ब्यौहारी, जयसिंहनगर, देवलोंद एवं सीधी थाना पुलिस को घेराबंदी के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने ब्यौहारी-सीधी मार्ग पर मंटोला के पास घेराबंदी कर तीन वाहनों को रोका। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से लगभग 4 क्विंटल अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से बलेनो कार, एक्सएल-6 कार एवं बुलेट 300 वाहन भी जब्त किए।गिरफ्तार आरोपियों में रामप्रकाश पटेल एवं राजकुमार गुप्ता निवासी ग्राम झिरिया, शेखर शुक्ला निवासी ग्राम लोह तथा आशुतोष प्यासी निवासी ग्राम पिपरिया जिला अनूपपुर शामिल हैं। पूरी कार्रवाई में डीएसपी ऋषभ छारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी ब्यौहारी निरीक्षक जियाउल हक, थाना प्रभारी जयसिंहनगर निरीक्षक अजय कुमार बैगा, थाना प्रभारी देवलोंद उपनिरीक्षक सुभाष दुबे सहित विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीबीएससी कक्षा 12वीं में सबीहा की शानदार उपलब्धि

नवभारतशहडोल। सीबीएसई बोर्ड द्वारा बुधवार को घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में गुड शेफर्ड कन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की होनहार छात्रा सबीहा अंजुम ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। मेधावी छात्रा सबीहा अंजुम ने 88.6 प्रतिशत अंक अर्जित क्लास में द्वितीय और सभी संकायों में स्कूल में द्वितीय रैंक हासिल किया है। सबीहा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और नियमित अभ्यास को दिया है।

मेधावी छात्रा सबीहा अंजुम शहडोल के वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद सईद की सुपुत्री हैं। गुड शेफर्ड कन्वेंट स्कूल की प्रबंधक सिस्टर डेज मारिया और प्राचार्य सिस्टर लीना रोज ने सबीहा को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

100 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

शहडोल। सोहागपुर पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफकार्रवाई करते हुए 100 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 50 हजार रुपये आंकी गई है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कोटमा पपोल टोला निवासी श्याम किशोर चौरसिया अपनी मोटरसाइकिल रिपेयरिंग एवं किराना दुकान में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस ने स्वतंत्र साक्षियों के साथ दबिश देकर दुकान की तलाशी ली।तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांड की बीयर एवं व्हिस्की की बड़ी मात्रा बरामद हुई। आरोपी शराब संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

दिव्यांग सुखराम के 50 साल पुराने मकान पर कब्जे का आरोप

▸ पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

नवभारत, शहडोल। शहर के धनपुरी वार्ड क्रमांक 19 निवासी दिव्यांग सुखराम ने अपने पुश्तैनी मकान पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार धनपुरी वार्ड क्रमांक 19 निवासी सुखराम विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि वह पिछले लगभग 50 वर्षों से अपने परिवार के साथ उक्त मकान में निवास कर रहे हैं पिता की मृत्यु के बाद से नगरपालिका का टैक्स मेरे नाम से हस्तांतरित हो गया, जिसे मैं नियमित रूप से नगरपालिका

कर का भुगतान भी करते आ रहा हूँ। पीड़ित का आरोप है कि 13 मई 2026 को चन्द्रशेखर महतों के साथ मिलकर मोहल्ले के कुछ लोगों ने उनके घर पहुंचकर उन्हें बाहर निकाल दिया और उनकी अनुपस्थिति में मकान को गिराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। पीड़ित दिव्यांग होने के कारण विरोध नहीं कर पाया।आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि जब उन्होंने विरोध किया तो उन्हें बताया गया कि उक्त जमीन उसकी बहनों से खरीदी जा चुकी है। वहीं पीड़ित का कहना है कि उसे किसी भी प्रकार की बिक्री अथवा स्वामित्व हस्तांतरण की जानकारी नहीं दी गई।

पीड़ित ने मामले की शिकायत धनपुरी थाने में भी की, लेकिन वहां से उचित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया है। वर्तमान में निर्माण कार्य लगातार जारी रहने से परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। मुस्कान विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है।

मनमानी | आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे शराब ठेकेदार कर रहे तांडव, एमआरपी से ज्यादा दर पर बेच रहे शराब

शराब ठेकेदार की मनमानी या आबकारी विभाग का संरक्षण

प्रदीप शर्मा

नवभारत धनपुरी । नगर में इन दोनों शराब ठेकेदार के द्वारा एमआरपी से ज्यादा दर पर शराब बिकवाई जा रही है साथ ही लगातार सोशल मीडिया में चल रही वीडियो फोटोस को भी दरकिनार करते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं आबकारी विभाग शहडोल के द्वारा आज तक किसी भी शिकायत पर संज्ञान ना लेना समझ से परे है कोयलांचल एवं धनपुरी मुख्य शराब दुकान नंबर 1 का ठेकेदार सत्येंद्र चंद्रवंशी है उसके इशारे पर किसी जायसवाल नमक व्यक्ति के द्वारा शराब की बिक्री एमआरपी से ज्यादा की दर पर करवाई जा रही है

रेट स्कैनर बना मजाक, शराब ठेकेदार कर रहा अनियमितताएं बेहिसाब

धनपुरी नंबर 1 शराब दुकान मैं जो स्कैनर डर सत्यापित हेतु लगाया गया है वह अपने आप ही आबकारी विभाग जिला शहडोल एवं ठेकेदार की मिली भगत को उजागर कर रहे हैं यह कहना हास्यास्पद नहीं होगा कि आबकारी विभाग शहडोल के द्वारा जो स्कैनर धनपुरी नंबर एक की शराब दुकान पर लगाया गया है उसमें स्कैनर के अलावा बाकी सब कुछ दिखाई देता है इसे है प्रतीत होता है कि अवैध

शराब की बिक्री एवं शराब की ओवर रेटिंग के मामले में ठेकेदार को आबकारी विभाग शहडोल का साथी पुलिस प्रशासन धनपुरी का सीधा संरक्षण प्राप्त जिनके इशारे पर ही धनपुरी नगरी में लगातार शराब अधिक दामों पर बेची जा रही है और सुराप्रेमियों की जेब पर सेंधमारी की जा रही है

आए दिन निर्मित होती है विवाद की स्थिति

धनपुरी नगर की मुख्य शराब दुकान नंबर एक सिनेमा रोड के पास सहित विजय शुक्ला की प्रतिमा के सामने स्थित है जब भी कोई शराब लेने के लिए पहुंचता है और जागरूकता का परिचय देते हुए शराब भट्टी अटेंडर से पूछता है कि भैया शराब आप महंगे दर पर क्यों दे रहे हैं तो भट्टी पर मौजूद सामाजिक तत्वों एवं लोगों के द्वारा शराब माफियाओं के गुरुओं के द्वारा उनके साथ अभद्रता की जाती है साथ ही कई बार गाली गलौज की स्थिति भी पूर्व में निर्मित हो चुकी है उसके बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन धनपुरी और आबकारी विभाग शहडोल ने अपनी आंखों में गंधारी वाली पट्टी चढ़ाकर रखी है आए दिन विजय शुक्ला तिराहे में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने से वहां पर निवास करने वाले लोगों में भय का माहौल व्याप्त रहता है खास तौर पर घर की गगृहणियां साथ ही वहां पर निवासरत बच्चों के मन में कई प्रकार के नकारात्मक विचार आते हैं आधी रात तक शराब दुकान के सामने शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है और ऐसे सार्वजनिक एवं के होने की वजह से शहीद विजय शुक्ला की प्रतिमा को भी शराबी नहीं छोड़ते और खाली सीसी बोतल बियर की केन स्मारक स्थल पर ही फेंक कर चले जाते हैं। कौन है जयसवाल जिसके इशारे पर शराब की हो रही अवैध पैकारी नगर की गली गली में बिक रही अवैध शराब नगर को बना रहा मदिरालय जब भी करते है भट्टी में मौजूद कर्मी कुछ डैमेज जायसवाल ही करता है सबको मैनेज। ठेका है सत्येंद्र चंद्रवंशी का जरूर लेकिन जयसवाल कर रहा उसकी मदद भरपूर आबकारी हो या पुलिस हर जगह करता है मैनेज करने की बात इसी बात को दोहराते हैं भट्टी में बैठे कर्मी दिन रात शराब की ओवर रेटिंग पर आबकारी विभाग शहडोल मौन तो क्या इतना बड़ा जयसवाल है डॉन! इस संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी से दूरभाष पर लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया सावित्री भगत जिला आबकारी अधिकारी शहडोल। आबकारी निरीक्षक से नवभारत प्रतिनिधि ने जब इस संबंध में चर्चा की तो उनके द्वारा कहा गया इस तरह का कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं है अगर इस तरह से शराब ठेकेदारों द्वारा मनमाना पैसा लिया जा रहा है तो मैं जो भी आवश्यक करवाई सुनिश्चित होगी करूंगा आबकारी निरीक्षक रजनीश तिवारी शहडोल अवैध पैकारी के संबंध में थाना प्रभारी धनपुरी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा कहा गया आवाज नहीं आ रही है और बात को टालते हुए फोन काट दिया गया खेम सिंह पेंद्रो थाना प्रभारी धनपुरी।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं रिजवान अली पिता स्व. शहादत अली वार्ड नं. 12 तहसील रोड जयसिंहनगर, जिला शहडोल का निवासी हूं यह है कि मेरी पुत्री के बैंक खाता सुकन्या समिद्धि में नाम रिदा अली लिखा है। जबकि अन्य शासकीय दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आदि में रिजा अली पिता रिजवान अली दर्ज है। अतः मेरी पुत्री का नाम परिवर्तन कर रिजा अली पिता रिजवान अली कर लिया गया है। अतः आज दिनांक से मेरी पुत्री को रिजा अली पिता रिजवान अली के नाम से जाना पहचाना व पढा-लिखा जावे।

दिनांक-12/05/2026

पुराना नाम-रिदा अली

नया नाम-रिजा अली

भवदीय

रिजवान अली